## महत्वपूर्ण एवं खास

### सड़क क़ ादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**बेमेतरा (आरएनएस)।** सडक़ हादसे में बीती रात मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाइयों सहित तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई तीन युवक अपने दोस्त की शादी में शामिल होकर वापस गांव लौट रहे थे। बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 30 ग्राम मटका के पास हुई दुर्घटना में दो सगे भाई कोमल साहू 21 वर्ष और मुकेश साहू 22 वर्ष और एक उनका दोस्त रवि यादव की मौत हो गई। तीनों युवक ग्राम अर्जुनी के रहने वाले थे। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों युवक मोटरसाइकिल से अपने दोस्त की शादी में गए हुए थे, जहां से वापस गांव लौटते समय घटना ग्राम मटका के पास दुर्घटना के शिकार हो गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातम छा गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। फिलहाल, तीनों मृतक का पोस्टमार्टम जारी है।

### पुलिस से बचने नक्सली भारी विस्फोटक, हथियार छोड़कर भागे

**बीजापुर-रायपुर (आरएनएस)।** थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत भैरमगढ़ एरिया कमेटी के मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर के साथ अन्य नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षा बलों के द्वारा संभावित स्थान पर दबिश दी गई। जंगल- पहाड़ का फायदा उठाकर नक्सली भाग खड़े हुए। मौके से हथियार, विस्फोटक एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया। पुलिस की जारी विज्ञप्ति अनुसार 13 अप्रैल को थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर सोमलू, जनताना सरकार अध्यक्ष रामधर बेक्को एवं 5-6 माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर कैंप केशकुतुल से केरिपु 199/सी कम्पनी की टीम सुराखेड़ा की ओर निकली थी। सुरक्षा बलों के द्वारा संभावित स्थान पर दबिश दी गई, सुरक्षा पार्टी को देखकर उपस्थित माओवादी विपरीत दिशा में जंगल, पहाड़ का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए। आसपास क्षेत्र का सर्च के दौरान मौके से एक भरमार, स्टील कंटेनर, डेटोनेटर, स्प्लिंटर, यूरिया, इलेक्ट्रिक वायर, तीर-धनुष, दवाईया एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद किया गया। क्षेत्र में लगातार गश्त सर्चिंग जारी है।

### शराब के नशे में मां से मारपीट करने वाला कलयुगी पुत्र जेल दाखिल

**कोरबा (आरएनएस)।** शराब पीने के बाद हर दिन मां से मारपीट करने वाले कलयुगी पुत्र को सीएसईबी चैकी पुलिस ने कोरबा सिटी मजिस्टेट न्यायालय पेश किया, जहां से उसे जिला जेल दाखिल कर दिया। जानकारी के अनुसार किशोर कुमार महंत उम्र 35 पिता स्व. महावीर प्रसाद महंत निवासी कोहडिया सीएसईबी चैकी कोरबा पूर्व विगत कुछ माह से शराब पीने के बाद बौरा जाता था। यहां तक की लगातार उसके साथ मारपीट करते हुए प्रताड़ित करने लगा, जिसके कारण इसकी गतिविधियों से परिवार के लोग परेशान रहने लगे। अंततरू उक्त युवक की हरकतें कुछ ज्यादा ही बढ़ गई तो इसकी शिकायत सीएसईबी चैकी पहुंचकर प्रभारी भीमसेन यादव से उसकी मां ने किया। सुमित्रा महंत उम्र 65 वर्ष ने करते हुए न्याय दिलाने जाने की गुहार लगाई। बताया जाता है कि कलयुगी पुत्र द्वारा आये दिन प्रताडित करने और मारपीट किये जाने की लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए जांच के उपरांत सीएसईबी चैकी पुलिस ने आरोपी को धारा-151 के तहत गिरफ्तार कर लिया, जिसे सिटी मजिस्ट्रेट के न्यायालय पेश किया गया। वहां से उसे तत्काल प्रभाव से जिला जेल दाखिल कर दिया गया।

### गांजा के साथ युवक पकड़ाया

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के बालको पुलिस ने गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 150 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी अनीश मोहम्मद से उक्त नीले रंग के थैला के अंदर एक सफेद पॉलिथीन में रखे 1.150 किलोग्राम गाँजा को बरामद किया हुआ, आरोपी के कब्जे से गांजा को जप्त कर आरोपी को गिरफ़्तार किया गया है और थाना बालको में 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

# स्कूली छात्र/छात्राओं के सुरक्षित परिवहन को ध्यान में रखते हुए पुलिस ग्राउण्ड सेक्टर 6 भिलाई में स्कूल बसों की सप्राईज जांच शिविर

- परिवहन विभाग और यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा सयुंक्त रूप से की गई जाँच
- 13 शैक्षणिक संस्थान के 151 स्कूल बसों की जांच की गई, जिसमें 11 बसो में खामी पाई गई
- पायी गयी खामियों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान कर 8500 से अधिक शमन शुल्क वसूल किया गया

**दुर्ग | आरएनएस**

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन एवं एस.एल. लकड़ा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सतीष ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में स्कूली छात्र छात्राओं के सुरक्षित परिवहन को ध्यान में रखते हुए रविवार 14 अप्रैल को यातायात पुलिस दुर्ग एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस ग्राउण्ड सेक्टर 06 भिलाई में स्कूल बस का सप्राईज जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के 13 स्कूलों के छात्र-छात्राओं में परिवहन करने वाले 151 बसों का जांच किया गया है। वाहन की जांच शिविर का उददेश्य छात्र छात्राओं का सुरक्षित परिवहन से है। जांच शिविर के



दौरान सर्व प्रथम वाहनों का रजिस्ट्रेशन किया गया तत्पश्चात परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों के दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन का रजिस्टेऊशन, परमिट, फिटनेश, बीमा, पीयूसी, रोड टैक्स, वाहन चालक का लायसेंस चेक किया गया। इसके बाद वाहनों का मैकनिकल फिटनेश जांच किया गया। जिसके अंतर्गत हेड लाईट, ब्रेक लाईट, पार्किंग लाईट, इन्डिकेटर लाईट, बैक लाईट, मीटर, स्टेरिंग की स्थिति, टायर की स्थिति, क्लच, ऐक्सीलेटर, सीट की स्थिति, हॉर्न की स्थिति, वॉयपर एवं वाहन में आगे पीछे रिफ्लेक्टर लगा है कि नहीं चेक किया गया। चेंकिग के क्रम में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप जैसे वाहन में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गर्वनर, प्रेर्शर हार्न, आपातकालीन खिडक़ी, स्कूल का नाम, टेलीफोन नंबर, चालक का मोबाईल नंबर, फस्र्ट ऐड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र, स्कूल बस के आगे पीछे स्कूल बस लिखा है कि नहीं चेक किया गया। जांच के दौरान परिवहन विभाग द्वारा बिना स्पीड गर्वनर 03, बिना अग्नि शमन 05, बिना वायपर 01, बिना इंडीकेटर 01, बिना कैमरा 01 कुल 11 स्कूली बसों पर चालान करते हुए 8500 रूपये शमन शुल्क वसूल किया गया। चेकिंग के दौरान पायी गयी खामियों को पूर्ण कर पुन: चेक कराने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात विष्णु ठाकुर, परिवहन निरीक्षक के द्वारा वाहन चालकों को यातायात संकेत, यातायात सिग्नल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए वाहन चालन के दौरान लापरवाही न करने, कंडक्टर के द्वारा दरवाजे पर खड़ा ना रहने, स्कूल बच्चे को सुरक्षित उतारने चढ़ाने एवं किसी भी प्रकार की नशीली पदार्थ का सेवन ना करने हेतु समझाइश दी गयी। उक्त वाहन परीक्षण के दौरान विष्णु ठाकुर, अरूणा साहू, परिवहन निरीक्षक, शशिकांत बंजोर, उप निरीक्षक परिवहन, ज़मील चौहान, हितेश राव, महेन्द्र, कमलेष चंदेल, लोकेश पाटिल, सतेन्द्र सोनी परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस विभाग से के.बी. नागे निरीक्षक यातायात जोन सिविक सेन्टर, सुशील पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक, आरक्षक तिलक साहू, अनुपम शुक्ला, राकेश साहू, घनाराम निषाद यातायात द्वारा माननीय सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जारी की गई गाईड लाईन के अनुसार बसों को चेक किया गया।

## सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत, बालकोनगर क्षेत्र में चक्काजाम

- रिंगरोड के विकल्प के बावजूद शहर के भीतर से दौड़ रहे भारी वाहन

**कोरबा | आरएनएस**

दो दिन के भीतर सडक दुर्घटना में एक आटो चालक सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत और कुछ लोगों के घायल होने से नाराज लोगों ने बालकोनगर क्षेत्र में मुख्य मार्ग को बाधित कर दिया। चक्काजाम आज भी जारी है, लोग मांग कर रहे है कि इस रास्ते से भारी वाहनों का आवागमन बंद किया जाये। मामले को देखते हुए प्रशासन और पुलिस के अधिकारी यहां पहुंचे।

ज्ञात हो कि दो दिन के भीतर घटनाक्रम में बालकोनगर मेनरोड पर सवारी आटो को एक भारी वाहन ने टक्कर मार दी। इस



घटना में आटो चालक मनोज लहरे की मौत हो गयी। आटो में सवार 5 से अधिक लोग घायल हो गये। बताया गया कि भारी वाहन की टक्कर से आटो सडक पर पलट गया था। गंभीर चोट के कारण चालक को बचाया नहीं जा सका। घायलों को कोरबा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां उपचार जारी है। इससे एक दिन पहले इसी क्षेत्र में हुई दुर्घटना में बाईक सवार तीन युवकों की जान चली गई। कहा गया कि वे भारी वाहन से भिड़े थे। घटनाक्रम से आस-पास के लोग नाराज हो गये। उन्होंने माना की इस प्रकार के मामले भारी वाहनों की वजह से हो रहे है। उनके द्वारा वाहनों को बंद करने की मांग को लेकर चक्काजाम शुरू कर दिया। यह आज दुसरे दिन भी जारी है। मार्ग पर चक्काजाम होने के कारण दोनों दिशाओं में सैकड़ों की संख्या में वाहन थमे हुए है। उन्हें गंतव्य को जाने का रास्ता नहीं मिल रहा है। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्र में सामान्य आवाजाही भी इस वजह से बाधित है। अर्से की राहत के बाद एक बार फिर शहर के भीतर से कोयला और अन्य भारी वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है। यह सब तब हो रहा जब क्षेत्र में रिंगरोड का विकल्प है। नई व्यवस्था प्रारंभ होने से मुख्य मार्ग पर परेशानी उत्पन्न हो रही है और हादसे की आशंका को मजबूती मिली है। लंबे समय तक डीएसपीएम चैराहा, कुआंभ_ा, मुड़ापार, रेलवे कालोनी होते हुए भारी वाहन चलाये जा रहे थे। इससे कई प्रकार की परेशानियां सामने आयी। दोनों तरफ रेल फाटकों की उपस्थिति होने और इनके बार-बार होने से पूरे रास्ते में भारी वाहनों की रेलमपेल होने के कारण आवाजाही बाधित होती रही। ऐसे में एम्बुलेंस के साथ-साथ स्कूल वाहन और जन सामान्य को परेशान होना पड़ा। लगातार ऐसे मामले सामने आने के बाद इस रोड से भारी वाहनों के संचालन को रोक दिया गया था। लेकिन अब नवरात्र का हवाला देते हुए प्रशासन ने मुड़ापार, अमरैय्या रोड से भारी वाहनों को अनुमति दी है। इससे क्षेत्र की हजारों की आबादी मुश्किल में है।

## महिला को काट कर टुकड़ों में फेंकी लाश

**बालोद-रायपुर | आरएनएस**

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम अमलीडीह में नहर नाली के किनारे प्लास्टिक बोरे में भरी एक अज्ञात महिला की टुकड़ों में बंटी लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अज्ञात महिला के शव जिसके शरीर के कई अलग-अलग हिस्से अधजली हालत में थे। अंदाजा लगाया गया कि किसी ने धारदार हथियार से उसके शरीर के कई हिस्से कर उसे बोरे में भरकर फेंक दिए थे। कुत्तों के द्वारा बोरे को फाडक़र पैर का हिस्सा निकाल लिया था। जिसके बाद बदबू आना शुरू हुआ और फिर इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। वहीं सूचना पर पहुंची कोतवाली थाना बालोद की टीम ने पंचनामे की कार्रवाई कर जांच में जुट गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम व साइबर टीम भी वहां पहुंचकर जांच में जुट गई। बताया गया कि बोरे में महिला का सिर, हाथ और पैर का हिस्सा मिला है। जिसमें पेट का हिस्सा गायब था। माना जा रहा है कि किसी दूसरे जगह पर महिला की हत्या कर उसके शरीर के कई हिस्से करके उसे बोरी में भर दिया गया और इस स्थान पर लाकर फेंक दिया। फिलहाल पुलिस सभी एंगल से इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## शिवनाथ नदी पुल पर क्रेटा-ट्रक में भिड़ंत : एक की मौत

**दुर्ग-रायपुर | आरएनएस**

पुलगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आज तडक़े शिवनाथ ब्रिज पर कार एवं ट्रक में भिड़ंत से एक युवती की मौत हो गई जबकि युवक गंभीर रूप से घायल है। आज सुबह तकरीबन साढ़े चार बजे के आसपास हादसा हुआ। क्रेटा कार दुर्ग की ओर आ रही थी, जबकि ट्रक राजनांदगांव की ओर जा रहा था।



दुर्घटना में कर सवार युवती को गंभीर चोटें आई थी, पहले जिला अस्पताल वहां से रेफर कर निजी अस्पताल भेजा गया था परंतु में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतिका मीना सिंह उम्र 25 से 28 वर्ष के लगभग नॉर्थ ईस्ट की रहने वाली थी वह भिलाई अपने किसी रिश्तेदार के घर आई हुई थी। बताया गया है कि कार तेज रफ्तार में थी, जिसकी वजह से हादसा हुआ है। सबसे पहले पुलिस की टीम पहुंची थी। हादसे के बाद घायल प्रशांत ने खुद ही परिजनों को फोन लगाया। प्रशांत पांडे सेक्टर वन का रहने वाला बताया गया है। घटना के बाद ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएम 0901 को पुलवामा पुलिस के द्वारा थाने में खड़ा कर दिया गया है।

## मतदाताओं को डाक मतपत्र से होम वोटिंग कराने मतदान दल हुए रवाना

- 16 अप्रैल तक 22 मतदान दलों द्वारा कराया जाएगा मतदान
- लोकसभा आम निर्वाचन-2024

**कांकेर | आरएनएस**

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कांकेर जिले के अनुपस्थित मतदाता श्रेणी में वरिष्ठ नागरिक 85 से अधिक आयु एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं का डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग (घर पर जाकर मतदान कराने की सुविधा) 14 से 16 अप्रैल 2024



तक कराई जा रही है। होम वोटिंग के पहले दिन आज सभी 22 मतदान दल उक्त श्रेणी के मतदाताओं से वोट कराने आज सुबह 07 बजे जिला कार्यालय परिसर से रवाना हुए। होम वोटिंग अंतर्गत जिले में विधानसभा क्षेत्र 79-अंतागढ़ में 85 आयुवर्ग से अधिक 20 एवं दिव्यांगजन 05 इस प्रकार कुल 25 मतदाता, विधानसभा क्षेत्र 80-भानुप्रतापपुर में 85 आयुवर्ग से अधिक के 117 एवं दिव्यांगजन 74 कुल 191 एवं विधानसभा क्षेत्र 81-कांकेर में 85 आयुवर्ग से अधिक के 82 एवं दिव्यांगजन 42 कुल 124 इस प्रकार जिले में कुल 340 मतदाता चिन्हांकित किए गए हैं। नोडल अधिकारी डाकमत पत्र सुमित अग्रवाल ने बताया कि होम वोटिंग के लिए कांकेर जिले के विधानसभा क्षेत्र 79-अंतागढ़ में 05 दल, विधानसभा क्षेत्र-80 भानुप्रतापपुर में 10 दल एवं विधानसभा क्षेत्र 81-कांकेर में 07 दल इस प्रकार कुल 22 मतदान दलों का गठन किया गया है। 05 सदस्यीय मतदान दलों में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-01, माइक्रोऑब्जर्वर, पुलिसकर्मी एवं वीडियोग्राफरों को शामिल किया गया है।

## हाथियों के झूंड को देखकर भाग रही महिला की मौत

**जशपुर | आरएनएस**

जशपुर जिले में हाथियो के झुंड को देख डरकर भाग रही एक महिला की मौत हो गई है। महिला गर्भवती बताई जा रही है और उसका नाम जयंती बाई बताया जा रहा है। पूरी घटना ओडीशा की सीमा से लगे सागजोर जंगल की है। शनिवार दोपहर करीब 3 बजे मृतिका जयंती बाई नदी नहाने गई थी। इसी बीच उसे 4 हाथियो का झुंड दिखा और हाथियो के झुंड को देखते ही माहिला चीखते चिल्लाते भागने लगी। भागने के दौरान वह ऐसा गिरी कि थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गयी।

जिले के डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मृतिका ने देहांत से पहले घरवालों और वन कर्मचारियों की मौजूदगी में बयान दिया है। बयान में उसने बताया कि वह हाथी को देखकर डर गई और डरकर भागने के दौरान वह गिरने के चलते चोटिल हो गई। उसे आनन फानन में फरसाबहार अस्पाल ले जाया गया जहाँ उसकी मौत हो गई। इधर सागजोर ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच का कहना है कि इस घटना के लिए वन विभाग जिम्मेदार है।

## केंदई रेंज में हाथियों की सक्रियता, ग्रामीणों में बढ़ा खतरा

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के केंदई रेंज में 39 की संख्या में हाथी तीन अलग-अलग स्थानों पर विचरण कर रहे है। जिससे ग्रामीणों में और भी खतरा बढ़ गया है। हालाकि वन विभाग द्वारा हाथियो की निगरानी मैदानी अमले के अलावा थर्मल ड्रोल कैमरे से कराई जा रही है। बावजूद इसके हाथियो के गांव तक पहुंचने तथा नुकसान पहुंचाए जाने का अंदेशा लगतार बना हुआ है। ग्रामीध बढ़ी संख्या में हाथियो के विचरण करने से भयभीत है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में विचरण रत 39 हाथियो में एक चेतक नामक खतरनाक व उत्पाती दंतैल भी शामिल है जो कोरबी बीट अंतर्गत मातिनदाई मंदिर व डंपिंग एरिया के आस-पास सक्रिय है। जबकि रेंज के कापा नवापारा सर्किल में 20 तथा साल्ही पहाड़ में 18 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हालाकि हाथियों के इन दोनों दल ने तत्काल कोई उत्पात मचाया है और न ही बड़ा नुकसान किया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## छत्तीसगढ़ (दिव्यांग) व्हील चेयर क्रिकेट खिलाड़ियों ने दिया मतदान जरूर करने का संदेश

**महासमुंद | आरएनएस**

स्वीप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक, जिला स्वीप नोडल एस आलोक के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत स्वीप व्हील चेयर क्रिकेट मैच का आयोजन जिले में पहली बार किया गया। स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान जिले में चलाया जा रहा हैं जिसमें रात्रि कालीन व्हील चेयर क्रिकेट मैच खेलने छतीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के राष्ट्रीय खिलाडि़यों ने भागीदारी की। जिले में पहली बार राष्ट्रीय व्हील चेयर क्रिकेट खेला गया जिसमें रायपुर, कोरबा, जांजगीर चांपा, मुंगेली, बलौदा बाजार व महासमुंद के 6 खिलाडि़यों की भागीदारी रहीं। खिलाडि़यों ने जिले के मतदाताओं को जागरूक करने व शत प्रतिशत मतदान करने क्रिकेट खेल कर मतदान करने का संदेश दिया। खिलाडि़यो के खेल को दर्शकों ने खूब सराहा और मैच का आनन्द लिया। इस प्रकार यह पहला अवसर था जो व्हील चेयर क्रिकेट मैच जिले में देखा और खेला गया। आयोजन को भव्य बनाने मिनी स्टेडियम महासमुंद को नारे व स्लोगन से मतदाताओं को जागरूक करने दिवाल लेखन किया गया हैं जिसको लाईट से सजाया गया था ताकि नागरिकों को जागरूक करने संदेश दिया जा सके। दिव्यांग खिलाडि़यों ने कलेक्टर प्रभात मालिक के साथ सेल्फी भी लिया। कलेक्टर मलिक एवं व्यय प्रेक्षक मनीष दबास पूरे समय रहकर मैच का आनंद लिया और खिलाडि़यों का हौसला आफजाई करते रहे। साथ ही क्रिकेट खेल कर खिलाडि़यों को उत्साहित किया।

व्हील चेयर क्रिकेट मैच में टॉस जीतकर महासमुंद वारियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 13 चौका के मदद से 7 ओवर में 95 रन का लक्ष्य दिया। जिसमें धनंजय ने 57 रन व तोरण यादव ने 15 रन बनाए। लक्ष्य पीछा करते हुए महासमुंद रॉयल के केशव ने 34 रन बनाए और टीम 7 ओवर में केवल 67 रन बना सकीं। मैच महासमुंद वारियर्स ने 27 रन से जीत लिया। अतिथियों ने प्रमाण पत्र, विजेता खिलाडि़यों को 12000 रू. का चेक, उपविजेता टीम को प्रमाण पत्र, 8000 रू. का चेक नगद पुरस्कार राशि वितरण किया। बेस्ट प्लेयर केशव चौहान व बेस्ट बैट्समैन धनंजय यादव (56 रन) को मिला। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष राकेश सिंह व सचिव दीपक श्रीवास्तव, उप संचालक समाज कल्याण विभाग संगीता सिंह, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, रेखरज शर्मा उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह में खेल विभाग द्वारा कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, एपीओ रेखराज शर्मा, उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, जनसंपर्क अधिकारी पोषण साहू को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन को संपन्न कराने में निर्णायक मंडल आशुतोष जोशी, प्रदीप यादव, तोरण ध्रुव, विकास औशर, अभिषेक गुप्ता, सौरभ साहू, रामेश्वर ध्रुव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया है। मंच संचालन सिराज बक्श, सेवन दास मानिकपुरी ने किया। आभार स्वीप जिला नोडल अधिकारी एस. आलोक ने जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से रात्रि कालीन क्रिकेट लीग टूर्नामेंट खेला गया जिसमें सभी सहयोगी विभाग एवम् सदस्यों, साथियों व सभी का आभार व्यक्त किया।